पत्रांकः-भवन/स्था0-04/E-Compliance-01/2026......6856(भ)......

**बिहार सरकार**

**भवन निर्माण विभाग**

प्रेषक,

**अवधेश नंदन सिन्हा,**
सरकार के संयुक्त सचिव,
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

सेवा में,

**सभी अधीक्षण अभियंता,**
(भवन अंचल, आरा/छपरा/भागलपुर/दरभंगा/मोतिहारी/
भवन निरूपण अंचल सं0-02/विद्युत भवन अंचल, उत्तर बिहार/
पटना भवन अंचल, पटना को छोड़कर)
भवन निर्माण विभाग, बिहार।

**स्मार**

पटना, दिनांकः- 23/7/26

**विषयः-** माननीय मुख्यमंत्री सचिवालय, बिहार के कार्यालय द्वारा ई-कम्पलायन्स के माध्यम से प्राप्त पत्र के अनुपालन के संबंध में।

**प्रसंगः-** विभागीय पत्रांक-588(भ) अनु0, दिनांक-16.01.2026 एवं श्री आदिल अली का परिवाद दिनांक-28.05.2026

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक विभागीय पत्र द्वारा आपके अंचल एवं अधीनस्थ प्रमंडलों में विगत 08-15 वर्षो से एक ही स्थान पर पदस्थापित डाटा इन्ट्री ऑपरेटरों के पदस्थापन/स्थानांतरण संबंधी विवरणी उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया था जिससे संबंधित कोई भी प्रतिवेदन अबतक अप्राप्त है। विदित हो कि इस संबंध में श्री आदिल अली का परिवाद दिनांक-28.05.2026 विभाग को प्राप्त हुआ है जिसकी छायाप्रति संलग्न है।

अतः वर्णित स्थिति में अनुरोध हैं कि अपने कार्यालयों एवं अधीनस्थ प्रमण्डलों के अंतर्गत कार्यरत डाटा इन्ट्री ऑपरेटरों के पदस्थापन/स्थानांतरण संबंधी विवरणी शीघ्र उपलब्ध कराने की कृपा की जाए।

अनु0:-यथोक्त।

विश्वासभाजन,

22.07.26

(अवधेश नंदन सिन्हा)
सरकार के संयुक्त सचिव।

सेवा मे,

माननीय मुख्यमंत्री बिहार, पटना।
सरकार के सचिव भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
उपसचिव अराजपत्रित स्थापना भवन निर्माण विभाग बिहार, पटना।
निदेशक ...... बिहार, पटना।
अभियंता प्रमुख भवन निर्माण विभाग बिहार, पटना।
सभी मुख्य अभियंता भवन निर्माण विभाग बिहार, पटना।
सभी अधीक्षण अभियंता भवन निर्माण विभाग बिहार, पटना।

विषयः– विगत 8–15 वर्षो से एक ही स्थान पर पदस्थापित डाटाइन्ट्री ऑपरेटर के स्थानांतरण के संबंध में।

प्रसंगः– मेरा अभ्यावेदन दिनांक– 13.05.2025

महाशय,

उपर वर्णित विषय पर कृप्या व्यक्तिगत ध्यान आकृष्ट करना चाहूँगा। मैं इसके पूर्व दिनांक– 13.05.2025 को आवेदन दिया था। विभाग द्वारा इसके संबंध में आज की तिथि तक सिर्फ एक दूसरे से पत्राचार ही किया गया है जबकि फलाफल शुन्य है। माननीय मुख्यमंत्री जी के द्वारा घोषणा की जाती है कि जीरो टॉलरेंस। यह सिर्फ घोषणा ही रह जाता है इसपर पदाधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा अनुपालन नहीं किया जाता है। लगभग एक ही स्थान पर कोई 15 साल से है तो कोई 8–9 साल से है। क्यों नहीं उसका वर्चस्व रहेगा आवेदन पर भी स्थानांतरण नहीं होता है। दरभंगा एवं अन्य भवन अंचल अंतर्गत 04 भवन प्रमंडल है सभी में डाटा इन्ट्री ऑपरेटर लगभग 08 से 15 साल से एक ही कार्यालय में पदस्थापित है तो क्यों नहीं मनमाना करेगें।

अंचल कार्यालय एवं प्रमंडल कार्यालय, दरभंगा अन्य भवन प्रमंडल में कार्यरत डाटा इन्ट्री ऑपरेटर सरकारी आवास जो कार्यालय परिसर में ही है कई सालों से कब्जाए हुए है तथा मकान किराया भी नहीं कटौती करते है। पदाधिकारियों द्वारा गलत सूचना दी जाती है कि कोई आवासीत नहीं है। समय आने पर इस पर फोटो एवं विडियों समर्पित किया जाएगा। गोपनीय तरीके से इसकी जाँच की जा सकती है या विद्युत कार्यालय से भी जाँच करवाई जा सकती है यह स्पष्ट रूप से सरकारी नियम का खुल्लम खुल्ला उल्लंघन है तथा सरकारी राजस्व की हानि है इसका जबावदेह कौन है कृप्या जाँच का विषय है।

अतः पुनः सादर अनुरोध है कि कृप्या जाँच करते हुए एक ही कार्यालय में पदस्थापित डाटा इन्ट्री ऑपरेटर का स्थानांतरण किसी अन्य जिले में किया जाय तथा जो सरकारी राजस्व की हानि हुई है सम्बन्धित पदाधिकारियों से वसूली किया जाय।

अन्यथा बाध्य होकर सभी कागजात के साथ माननीय न्यायालय का शरण लेना पड़ेगा।

अनु0:– यथोक्त।
1. विभागीय पत्रांक 588 (भ) अनु0–16.01.2026 छायाप्रति।
2. विभागीय पत्रांक 197 (भ) अनु0–08.01.2026 की छायाप्रति।
3. Beltron का पत्रांक 7522/2022/08.06.2026 की छायाप्रति।
4. मेरा आवेदन दिनांक 13.05.2025 की छायाप्रति।

विश्वासभाजन

Adil Ali

आदिल अली
ग्राम– चैनपुर
पोस्ट– दामोदरपुर
थाना– काँटी
जिला– मुजफ्फरपुर
पिन– 843113
दिनांक– 28/5/26

29 MAY 2026

Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner

पत्रांक बी०एम०सी० 1 एम 201/07/2025-26 (पार्ट-09).......197 (अ०)

बिहार सरकार
भवन निर्माण विभाग

प्रेषक,

सुरेश प्रसाद प्रभाकर
अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त
-सह-विशेष सचिव।

सेवा में,

संयुक्त ~~उप~~ सचिव (अराजपत्रित स्थापना),
भवन निर्माण विभाग, बिहार।

पटना, दिनांक ....8/1/26

विषय:- माननीय मुख्यमंत्री सचिवालय बिहार के कार्यालय द्वारा ई-कम्पलायन्स के माध्यम से प्राप्त पत्र के अनुपालन के संबंध में।

प्रसंग:- मा० मु० मं० सचिवालय का पत्रांक-2025021206, दिनांक-13.05.2025

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र की छायाप्रति संलग्न करते हुए कहना है कि विषयगत मामला विगत 08-15 वर्षों से एक ही स्थान पर पदस्थापित कई डाटाइंट्री ऑपरेटर के स्थानान्तरण से संबंधित है।

अतः उक्त प्रासंगिक पत्र की छायाप्रति संलग्न करते हुए अनुरोध है कि वर्णित बिंदुओं पर नियमानुकूल कार्रवाई करते हुए अनुपालन प्रतिवेदन उपलब्ध कराना चाहेंगे, ताकि मुख्यमंत्री सचिवालय को इसकी सूचना ससमय उपलब्ध करायी जा सके।

अनु०:-यथोक्त।

विश्वासभाजन

(सुरेश प्रसाद प्रभाकर)
अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त
-सह-विशेष सचिव।

प्र० पदा० 04
अवलोकनार्थ
13.01.26

श्री राजू
12.01.26

85
14/01/26

12/1/26

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner

हार स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेन्ट कॉरपोरेशन लिमिटेड

1900BR1978SGC001317

(बिहार सरकार का उपक्रम)

क- 1822 /2022

दिनांक 08/06/

सेवा में,

अपर मुख्य सचिव
प्रधान सचिव
सचिव
विभागाध्यक्ष
सभी विभाग, बिहार, पटना।
सभी प्रमण्डलीय आयुक्त,
सभी जिला पदाधिकारी,
बिहार।

विषयः- डाटा इन्ट्री ऑपरेटर / प्रोग्रामर / आई०टी०ब्वॉय / गर्ल के स्थानान्तरण के संबंध में।

महाशय,

निगम द्वारा राज्य सरकार के विभिन्न विभागों एवं ऐजेन्सियों को सर्विस प्रोवाईडर के माध्यम से संविदा पर प्रतिनियुक्ति के आधार पर उपलब्ध कराये गये डाटा इन्ट्री ऑपरेटर / प्रोग्रामर एवं आई०टी०ब्वॉय / गर्ल की सेवाएँ के संदर्भ में उनके स्थानान्तरण से संबंधित दिशा-निर्देश की मांग निगम को प्राप्त हुई है।

साधारणतया इन कर्मियों की बेल्ट्रॉन के द्वारा स्थानान्तरण की कार्रवाई नहीं की जाती है। इस संबंध में कहना है कि संबंधित विभाग अपने अधीनस्थ कार्यालयों में **प्रतिनियुक्त कार्मिकों के अंतर्जिला स्थानान्तरण की कार्रवाई कार्यहित / प्रशासनिक दृष्टिकोण से कर सकते हैं। इसी प्रकार जिला पदाधिकारी भी उनके माध्यम से अधियाचना पर प्राप्त कर्मियों का अपने जिले में प्रखंड / अंचल / कार्यालयवार स्थानान्तरण कार्यहित / प्रशासनिक दृष्टिकोण से कर सकते हैं।**

विभाग अथवा जिला पदाधिकारी की ओर स्थानान्तरण संबंधी सूचना प्राप्त होने पर बेल्ट्रॉन द्वारा ई०आर०पी० सॉफ्टवेयर में स्थानान्तरित स्थान पर कार्मिकों का Mapping कर आवश्यक संशोधन कर लिया जायगा, ताकि वेतन आदि का भुगतान सुचारू रूप से जारी रहे।

विश्वासभाजन

संतोष 8/6/22

(संतोष कुमार मल्ल)
प्रबंध निदेशक



Scanned with OKEN Scanner

सेवा में,

माननीय मुख्यमंत्री, बिहार पटना
सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार पटना
उप सचिव, अराजपत्रित स्थापना / प्रबंध निदेशक BSEDC, Beltron बिहार
अभियंता प्रमुख, भवन निर्माण विभाग, बिहार पटना
सभी मुख्य अभियंता, भवन निर्माण विभाग, बिहार पटना
सभी अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग। बिहार पटना

विषय :– विगत 8–15 वर्षो से एक ही स्थान पर पदस्थापित डाटाइंट्री ऑपरेटर के स्थानान्तरण के संबंध में।

महाशय,

उपरोक्त विषय पर व्यक्तिगत रूप से ध्यान आकृष्ट करना है कि विगत 08 - 15 वर्षों से एक ही स्थान पर डाटाइंट्री ऑपरेटर जमे हुए हैं। इनका स्थानान्तरण किसी भी दूसरे कार्यालय में नहीं होता है, जिसके कारण उनकी मनमौजी चलती है। अपने मन से कार्यालय आना–जाना, बिना पैसे का कोई भी कार्य नहीं करना, अपने संबंधियों के नाम पर ठीकेदारी करना, कार्यालय परिसर को अपना घर / डेरा बनाकर अपने निकटतम संबंधी के दम पर धौंस जमाना इनके दिनचर्या में शामिल है। कार्यालय से संबंधित गोपनीयता भंग करना एवं इससे पैसे का दोहन करना। संविदा कर्मी होते हुए भी सरकारी आवास / कार्यालय को जबरदस्ती कब्जा कर सरकारी राजस्व को क्षति कर रहे हैं तथा सपरिवार सगे–संबंधी सहित रह रहे हैं। इनके आचरण एवं आय की जाँच से सब कुछ पता चल जाएगा। ये जब से इनकी नियुक्ति हुई है तब से इनका स्थानान्तरण नहीं हुआ है, एक ही स्थान पर कुंडली मार कर बैठे हैं। पूरे विभाग में इनका सर्वस्व है जिसके कारण इनका स्थानान्तरण कहीं भी नहीं होता है। कार्यालय से संबंधित सभी कार्य ऑपरेटर के द्वारा ही किया जाता है, जिसके लिए पदाधिकारी भी लाचार हो जाते हैं। मुजफ्फरपुर, दरभंगा एवं अन्य अंचल से इसकी जानकारी ली जा सकती है। प्रबंध निदेशक, BSEDC, Beltron के पत्रांक–7522 / 2022 दिनांक–08.06.2022 के द्वारा सभी विभागों को स्थानान्तरण अपने स्तर से करने हेतु दिशा–निर्देश देने के बावजूद अभी तक स्थानान्तरण नहीं किया गया है।

श्रीमान् से अनुरोध है कि एक ही स्थान पर जमे डाटाइंट्री ऑपरेटर का स्थानान्तरण राज्य स्तर पर करने की कृपा किया जाय, ताकि सही मायने में सुशासन दिखाई दे और आम जनता को कठिनाईयों का सामना नहीं करना पड़े, पारदर्शिता रहे।

सधन्यवाद !

विश्वासभाजन
Adil Ali
Vill- Chainpur
P.O- Damodarpur
P.S- Kanti
Dist.- Muzaffarpur
Pin.- 843113

उप सचिव
(अराजपत्रित स्थापना)

202502 ... 

[redacted]

Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner